**2022**

# सामान्य हिन्दी तथा निबन्ध

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*नोट :* *(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***दो*** *खण्डों में विभक्त है । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

*(iii)* *एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यतः एक साथ दिया जाये ।*

*(iv)* *पत्र लेखन सम्बन्धी प्रश्न के उत्तर में अपना नाम, पता तथा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हों तो क्ष, त्र, ज्ञ लिख सकते हैं ।*

## खण्ड-1

**(सामान्य हिन्दी)**

1. मनुष्य स्वयं भाग्य का निर्माता है । पर कायर मनुष्य नहीं, सबल ही भाग्य की सामर्थ्य रखता है । कायर तो देवता को पुकारता है । साहसी व्यक्ति को अपने मानसिक बल पर अभिमान होता है । उसकी भुजाओं में कार्य करने की शक्ति होती है । वह नियति के हाथ का क्रीड़ा कन्दुक बनकर नहीं रहता । कठपुतली की तरह किसी की अँगुलियों पर नहीं नाचता । सिंह नदी को अपने वक्ष के बल पर चीरकर उस पार पहुँचता है, तो साहसी भाग्य को झूठा प्रमाणित कर अपने मानसिक बल से आगे बढ़ता है । विफलता भाग्य के माथे मढ़ देना मूर्खों का काम है ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 2

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए । 2

(ग) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए । 6

2. निम्नलिखित पत्र का सारणी रूप (Tabular Form) में सार लिखिए :

प्रेषक

सचिव (उच्च शिक्षा),

उत्तराखण्ड शासन,

देहरादून ।

पत्र क्रमांक 3276/प्रशासन/2013, दिनांक 06 दिसम्बर, 2013

सेवा में

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
हल्द्वानी, नैनीताल ।

2. समस्त जिलाधिकारी
उत्तराखण्ड

**विषय** : प्रदेश के राजकीय तथा अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं अन्य कार्यों में शुचिता लाये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

मुझे उत्तराखण्ड सरकार की ओर से आपको यह कहने का निदेश हुआ है कि उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत समस्त महाविद्यालयों में अनुशासन स्थापित किए जाने हेतु निम्नलिखित व्यवस्थाओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, वस्तुस्थिति से शासन को अवगत कराया जाए :

महाविद्यालयों में अवकाश के लिए कलेण्डर लागू किया जाए । सभी महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष का कलेण्डर वर्ष के प्रारम्भ में बनाकर निदेशालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करें ।

पर्वतीय महाविद्यालयों में शीतावकाश की अवधि अधिक एवं मैदानी महाविद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की अवधि अधिक रखी जाए, परन्तु कुल वार्षिक अवकाश समान रहे ।

यू.जी.सी. के नियमानुसार प्रत्येक शिक्षक को प्रति सप्ताह 30 घण्टे शिक्षण एवं अन्य कार्यों हेतु महाविद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है । अतः प्रत्येक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम पाँच घंटे महाविद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है ।

प्रतिदिन उपस्थिति दो बार (प्रारम्भ एवं अन्तिम 30 मिनट में) ली जाए ।

पाठ्यक्रम पूरा करने हेतु शिक्षक अपना शिक्षण कार्यक्रम (Teaching Plan) बनाएँ ।

राष्ट्रीय सम्मेलन/सेमीनार/कार्यशाला में भाग लेने हेतु प्रत्येक शिक्षक को एक वर्ष में अधिकतम 15 दिन का कार्य अवकाश स्वीकृत किया जाए ।

औचक निरीक्षणों में जो शिक्षक/कर्मचारी बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित पाये जाएँ, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही यथा उक्त दिवस का वेतन काटने अथवा निलंबन हेतु नियमानुसार प्रस्ताव प्रेषित किया जाए ।

समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि अवकाश पंजिका, स्टॉक पंजिका, कांटिन्जेन्सी पंजिका, कॉशनमनी पंजिका इत्यादि के साथ-साथ गेम फण्ड/परिचय-पत्र फण्ड इत्यादि को अद्यतन / सुव्यवस्थित रूप में रखा जाए ताकि औचक निरीक्षण के समय इनका अवलोकन किया जा सके ।

महाविद्यालय के परिसर/छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश परिचय-पत्र की जाँच के उपरान्त ही दिया जाए । अभिभावक या अन्य किसी व्यक्ति को प्रवेश भी प्रवेशन पंजिका (Book of Out) में यथा स्थान तिथि, समय तथा प्रयोजन अंकित कराने के पश्चात् ही दिया जाए ।

जिलाधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि समय-समय पर स्वयं अथवा अपर जिलाधिकारी / उपजिलाधिकारी के माध्यम से अपने जनपद स्थित महाविद्यालयों में औचक निरीक्षण कराते हुए आख्या निदेशालय / शासन को प्रेषित की जाए ।

भवदीय

क, ख, ग

सचिव

3. (क) जिलाधिकारी की ओर से जिला पुलिस अधीक्षक को एक-अर्धशासकीय पत्र लिखिए, जिसमें शहर में नकली नोटों का चलन रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया हो । 5

(ख) अनुस्मारक किसे कहते हैं ? इसका एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए । 5

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए : 5

(i) Dividend
(ii) Adverse
(iii) Foot note
(iv) Invoice
(v) Ad hoc

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी रूप लिखिए : 5

(i) अधिसूचना
(ii) पृष्ठांकन
(iii) प्रतिपूरक
(iv) विनियम
(v) लेखा-परीक्षक

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(i) आप मेरे ऊपर कृपा कीजिए ।
(ii) राम ने अनेकों राक्षस मारे ।
(iii) चार मेरठ के विद्यार्थी पकड़े गये ।
(iv) यह मेरी पैत्रिक सम्पत्ति है ।
(v) तीन नगर का नाम बताइए ।

6. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : 5

(i) जो वाणी द्वारा कहा न जा सके

(ii) जो कुछ न जानता हो

(iii) किसी कार्य में दूसरे से आगे बढ़ने का प्रयास

(iv) किसी को जीतने की इच्छा

(v) जिसके पास कुछ भी न हो

7. निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 5

(i) गृह

(ii) पृथ्वी

(iii) इच्छा

(iv) हिमालय

(v) विभव

## खण्ड-2

## (निबन्ध)

8. निम्नलिखित शीर्षकों में से किसी **एक** पर हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लगभग **600 (छह सौ)** शब्दों का निबंध लिखिए : 50

Write an essay in Hindi or English on any **one** of the topics given below. Word-limit of essay is about **600** words :

(i) भारत की सांस्कृतिक एकता
Cultural Unity of India

(ii) राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग की भूमिका
Role of youth in Nation Building

(iii) भारत-चीन सम्बन्ध
India – China Relationship

(iv) राष्ट्रीय कौशल विकास योजना
National Skill Development Scheme

(v) जनसंख्या विस्फोट की चुनौतियाँ
Challenges of Population Explosion